PRGI Reg. No. : CTHIN/25/A1911

हिन्दी दैनिक

# लोकतंत्र प्रहरी

● वर्ष-01 ● अंक- 265 ● भिलाई, शुक्रवार 01 मई 2026 ● हिन्दी दैनिक ● पृष्ठ संख्या-8 ● मूल्य - 2 रुपया ● संपादक- संजय तिवारी, मो. 9200000214

### विधानसभा का विशेष सत्र

## सीएम साय ने पेश किया महिला आरक्षण बिल पर चर्चा का प्रस्ताव, विपक्ष ने गुमराह करने का लगाया आरोप

रायपुर। छत्तीसगढ़ विधानसभा के विशेष सत्र में विपक्ष के हंगामे के बीच मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने महिला आरक्षण बिल पर चर्चा के लिए शासकीय संकल्प प्रस्ताव पेश किया. आसंदी ने चर्चा के लिए 4 घण्टे का समय निर्धारित किया।

मुख्यमंत्री साय के प्रस्ताव के बाद नेता-प्रतिपक्ष डॉ. चरण दास महंत अशासकीय संकल्प प्रस्ताव प्रस्तुत किया, जिसे आसंदी ने अग्राह्य कर दिया. इस पर डॉ. महंत ने कहा कि मुख्यमंत्री तो निंदा प्रस्ताव लाने वाले थे, लेकिन यह शासकीय संकल्प प्रस्ताव तो निंदा पर नहीं है।

इसके साथ ही विपक्ष ने हंगामा शुरू कर दिया. विपक्ष ने आरोप लगाया कि सदन के बाहर और अंदर सत्ता पक्ष की ओर महिलाओं को गुमराह किया जा रहा है।




प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान विधायक लता उसेंडी ने कहा कि महिला आरक्षण पर रुकावट बनने का काम विपक्ष ने किया. महिला आरक्षण बिल को लोकसभा में गिराने का काम विपक्ष ने किया. महिलाओं की भावनाओं और सम्मान का ख्याल नहीं रखा गया।


कांग्रेस का पक्ष रखते हुए अनिला भेड़िया ने कहा कि महिला आरक्षण का कांग्रेस समर्थन करती है. महिला आरक्षण 2029 में लागू किया जाना चाहिए, 2023 में बिल पारित है. इसे तत्काल लागू किया जाना चाहिए, जिन्होंने नारी का अपमान किया उसका विनाश हुआ है. रामायण में माता सीता का हरण और रावण का विनाश नारी अस्मिता और स्वाभिमान की रक्षा और सम्मान का उदाहरण है।

## मध्य प्रदेश के धार में मजदूरों से भरा पिकअप वाहन पलटा, 16 लोगों की मौत

### प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री ने जताया हादसे पर दुख, मृतकों के परिजनों को आर्थिक सहायता का ऐलान

भोपाल। मध्य प्रदेश के धार जिले में इंदौर अहमदाबाद राष्ट्रीय राजमार्ग पर चिकलिया फाटा के पास बुधवार रात मजदूरों से भरा एक तेज रफ्तार पिकअप वाहन अनियंत्रित होकर पलट गया। इस हादसे में 6 बच्चों समेत 16 लोगों की मौत हो गई, जबकि कई घायल है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने हादसे पर दुख जताते हुए मृतकों के परिजनों के लिए आर्थिक सहायता का ऐलान किया है।

जानकारी के अनुसार, धार जिले के तिरला थाना क्षेत्र में चिकलिया फाटा पर जिओ पेट्रोल पंप के पास बुधवार रात करीब साढ़े 8 बजे तेज रफ्तार पिकअप वाहन अनियंत्रित हो गया और तीन-चार बार पलटी खाते



हुए सड़क के दूसरी तरफ जाकर स्कॉर्पियो से टकरा गया। पिकअप वाहन करीब 100 किलोमीटर की रफ्तार में था। प्रत्यक्षदर्शी शुभम सिसोदिया ने बताया कि हादसे के समय मैं घटनास्थल से कुछ ही दूरी पर मौजूद था। स्कॉर्पियो मांगूद से धार की ओर जा रही थी, जबकि पिकअप वाहन धार से मांगूद की तरफ आ रहा था। इसी दौरान अचानक पिकअप का टायर फट गया। अनियंत्रित होकर पिकअप डिवाइडर को पार करते हुए रॉन्ग साइड में आ गया और सामने से आ रही स्कॉर्पियो से टकरा गया और फिर पलट गया। हादसे के बाद घटनास्थल पर चीख-पुकार मच गई. राहगीरों और स्थानीय लोगों ने मौके पर पहुंचकर तत्काल राहत कार्य शुरू किया।

## ईरान जब तक परमाणु हथियार बनाने की जिद्द नहीं छोड़ता तब तक नाकेबंदी जारी

वाशिंगटन। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने गुरुवार को ईरान को परमाणु समझौते की शर्तों पर सहमत होने की चेतावनी देते हुए कहा है कि ऐसा न होने पर अमेरिका उसके बंदरगाहों की नौसैनिक नाकेबंदी जारी रखेगा और आर्थिक दबाव बढ़ाएगा।

ट्रम्प ने दोहराया कि यदि ईरान परमाणु हथियार बनाना जारी रखता है, तो उसके साथ 'कभी कोई समझौता नहीं' होगा। दूसरी ओर, ईरान का कहना है कि उसका परमाणु कार्यक्रम केवल नागरिक उद्देश्यों के लिए है।

अमेरिकी राष्ट्रपति और उनकी राष्ट्रीय सुरक्षा टीम ईरान के ताजा प्रस्ताव पर चर्चा कर रही है, जिसमें ईरान ने पहले होर्मुज जलडमरूमध्य को खोलने और नाकेबंदी हटाने का सुझाव दिया है,



जबकि परमाणु वार्ता को स्थगित करने की बात कही है।

नाकेबंदी जारी रखने के ट्रंप के फैसले से वैश्विक तेल बेंचमार्क 'ब्रेंट क्रूड' की कीमतें गुरुवार को 125 डॉलर प्रति बैरल के पार पहुँच गईं। अमेरिकी राष्ट्रपति ने इस रणनीति का बचाव करते हुए कहा कि नाकेबंदी प्रत्यक्ष सैन्य कार्रवाई से अधिक प्रभावी हो सकती है। उन्होंने ईरान से जल्द कार्रवाई करने का आग्रह किया और कहा कि अधिकारी जरूरत पड़ने पर महीनों तक नाकेबंदी जारी रखने के तरीके खोज रहे हैं। अमेरिकी नीति निर्माताओं का मानना है कि लंबे समय तक लगे प्रतिबंध अंततः ईरान को तेल उत्पादन रोकने के लिए मजबूर कर सकते हैं। यह संघर्ष अब दसवें सप्ताह में प्रवेश कर चुका है, जबकि इसके चार से छह सप्ताह में सुलझने की उम्मीद थी। होर्मुज जलडमरूमध्य के प्रतिबंधित रहने से वैश्विक आपूर्ति से प्रतिदिन लगभग दो करोड़ बैरल तेल कम हो रहा है।

अमेरिका की इस लंबी नाकेबंदी की तैयारी से एशियाई अर्थव्यवस्थाएं प्रभावित हो रही हैं। क्षेत्र के कई देश ऊर्जा आपूर्ति के लिए इस जलडमरूमध्य पर निर्भर हैं और कच्चे तेल, प्राकृतिक गैस, प्लास्टिक तथा उर्वरकों की आपूर्ति में कमी महसूस की जा रही है।

## वैष्णव ने जम्मू में श्रीनगर-कटरा वंदे भारत एक्सप्रेस की विस्तारित सेवा को दिखाई हरी झंडी

जम्मू। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने गुरुवार को यहां श्रीनगर-कटरा वंदे भारत एक्सप्रेस की जम्मू तक विस्तारित सेवा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

इस मौके पर राज्य के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला, केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह, स्थानीय प्रतिनिधि और रेलवे के अधिकारी सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे। गौरतलब है कि यह ट्रेन पहले श्रीनगर से श्री माता वैष्णो देवी कटरा तक चलती थी, अब श्रीनगर से जम्मू तवी तक चलेगी। इस तरह से देश की सबसे आधुनिक ट्रेन सीधे जम्मू-कश्मीर के सबसे बड़े शहर और रेलवे केंद्र तक पहुँच जाएगी।

इस मौके पर वैष्णव कहा, इस ट्रेन को पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कटरा से हरी झंडी दिखाई




थी और यह कटरा से श्रीनगर जाती थी। आज इस ट्रेन की सेवा का विस्तार किया गया है। अब यह ट्रेन जम्मू से श्रीनगर तक बढ़ायी जा रही है। पहले इसमें आठ कोच थे, जिनकी संख्या अब बढ़ाकर 20 कर दी गयी है। वहीं, अब्दुल्ला ने कहा, इस अवसर पर मैं वैष्णव और केंद्र सरकार का आभार व्यक्त करता हूँ। आज, हमने रेलवे के माध्यम से जम्मू को कश्मीर से जोड़ दिया है। आठ कोचों से बढ़ाकर 20 कोचों वाली यह ट्रेन एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। अब और भी अधिक लोग आसानी से यात्रा कर सकेंगे।

डॉ. सिंह ने कहा, जम्मू रेलवे स्टेशन पर नयी 20-कोच वाली वंदे भारत एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया, जिससे इस इलाके में रेल सम्पर्क को काफी बढ़ावा मिला है। इस मौके पर वैष्णव, अब्दुल्ला और दूसरे गणमान्य लोग मौजूद थे।

## धर्मशाला पहुंचे राहुल पार्टी की जिला स्तरीय कार्यशाला में हुए शामिल

शिमला। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी पार्टी संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने की रणनीति के तहत गुरुवार को



हिमाचल प्रदेश के धर्मशाला पहुंचे, जहां उन्होंने पार्टी की जिला इकाई को ज्यादा सक्रिय और मजबूत बनाने के लिए आयोजित कार्यशाला में हिस्सा लिया। कांग्रेस के 'संगठन सृजन' कार्यक्रम के तहत आयोजित इस कार्यशाला में गांधी ने जिला स्तर पर संगठन को सुदृढ़ करने पर जोर देते हुए कहा कि पार्टी की असली ताकत बूथ और जिला स्तर पर नीहित है इसलिए स्थानीय इकाइयों को ज्यादा सक्रिय, जवाबदेह और जनता से सीधे जुड़ा होना चाहिए। गांधी के धर्मशाला पहुंचने पर पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं ने उनका भव्य स्वागत किया। इस दौरान बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे, जिन्होंने संगठन को मजबूत बनाने के संकल्प को दोहराया। गौरतलब है कि गांधी पिछले कुछ वर्षों से कांग्रेस संगठन को निचले स्तर से मजबूत करने पर लगातार फोकस कर रहे हैं। 'संगठन सृजन' अभियान के तहत देश भर में जिला और ब्लॉक स्तर पर प्रशिक्षण और संवाद की प्रक्रिया चल रही है जिसके तहत कार्यकर्ताओं को संगठन की मजबूती, बूथ प्रबंधन, जनसंपर्क अभियान, सोशल मीडिया के प्रभावी उपयोग, युवा और महिला भागीदारी बढ़ाने तथा स्थानीय मुद्दों को ज्यादा प्रभावी ढंग से सक्रियता के लिए इस तरह की कार्यशालाओं के जरिये प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

## कच्चे तेल में तेजी से लुढ़के शेयर बाजार सेंसेक्स 900 अंक से ज्यादा फिसला

मुंबई। अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल में जारी तेजी से गुरुवार को घरेलू शेयर बाजारों में बिकवाली देखी गयी और बीएसई का सेंसेक्स 900 अंक से अधिक लुढ़क गया।



पश्चिम एशिया संकट के कारण आपूर्ति श्रृंखला बाधित रहने से कच्चा तेल पिछले कुछ दिनों से लगातार चढ़ता जा रहा है। लंदन का ब्रेंट क्रूड वायदा आज 5.5 प्रतिशत उछलकर 123 डॉलर प्रति बैरल के पार पहुंच गया। इससे घरेलू शेयर बाजारों में निवेश धारण प्रभावित हुई है क्योंकि भारत 90 प्रतिशत पेट्रोलियम के लिए आयात पर निर्भर है। इसके अलावा रुपये पर जारी दबाव से भी निवेशकों की धारणा प्रभावित हो रही है। सिर्फ दूसरा मौका है जब बीच कारोबार में एक डॉलर 95 रुपये से ऊपर बोला गया है। सेंसेक्स 482.15 अंक टूटकर 77,014.21 अंक पर खुला और खबर लिखे जाते समय 824.55 अंक (1.06 प्रतिशत) उतरकर 76,671.81 अंक पर रहा। एक समय यह 994 अंक फिसलकर 76,502.16 अंक तक रह गया था।

## महिला आरक्षण पर यूपी विधानसभा में हंगामा, सत्ता पक्ष-विपक्ष आमने-सामने

लखनऊ। उत्तर प्रदेश विधानसभा के विशेष सत्र में महिला आरक्षण संशोधन विधेयक को लेकर सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच तीखी बहस और टकराव देखने को मिला। नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय ने साफ तौर पर कहा कि यह मुद्दा केंद्र सरकार के अधिकार क्षेत्र का है, इसलिए इस पर राज्य विधानसभा में चर्चा नहीं होनी चाहिए।

उन्होंने सरकार के प्रस्ताव का विरोध करते हुए आरोप लगाया कि सरकार जानबूझकर जनता को गुमराह करने का प्रयास कर रही है । उनके इस बयान के बाद सदन में माहौल गरमा गया।वहीं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना ने विपक्ष के



रुख पर कड़ी आपत्ति जताई। उन्होंने कहा कि महिला सशक्तिकरण को लेकर सरकार पूरी तरह प्रतिबद्ध है और यह मुद्दा पूरे देश व प्रदेश की महिलाओं के सम्मान और अधिकारों से जुड़ा है। विपक्ष द्वारा इस पर सवाल उठाना दुर्भाग्यपूर्ण है।

स्थिति को संभालने के लिए विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने हस्तक्षेप किया। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी विषय पर सदन में चर्चा कराई जा सकती है और अध्यक्ष को विशेष अधिकार प्राप्त हैं, जिनका प्रयोग करते हुए इस विषय पर चर्चा कराई जा रही है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि अभी चर्चा शुरू भी नहीं हुई है और विपक्ष पहले से ही उतावला दिखाई दे रहा है। उन्होंने विशेष सत्र के आयोजन के लिए सभी सदस्यों का अभिनंदन किया।

मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि वर्ष 2023 में केंद्र सरकार द्वारा पारित महिला वंदन अधिनियम महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने की दिशा में ऐतिहासिक कदम है।

## सेंटकॉम ने ईरान पर हमले के लिए हाइपरसोनिक मिसाइल की मांग की

वॉशिंगटन। अमरीकी सेंट्रल कमांड (सेंटकॉम) ने ईरान के खिलाफ संभावित हमले के लिए हाइपरसोनिक मिसाइल डार्क ईगल की मांग की है। ब्लूमबर्ग न्यूज़ एजेंसी ने यह जानकारी दी है।



उन्होंने बताया कि इस मांग की वजह ईरानी लॉन्च सिस्टम को फिर से तैनात करना है, जो प्रिसिजन स्ट्राइक मिसाइलों की पहुंच से दूर हैं, जो 300 मील से ज्यादा दूरी के लक्ष्य पर हमला करती हैं। एजेंसी के मुताबिक, अभी तक कोई फैसला नहीं हुआ है। अगर फैसला होता है, तो यह अमरीकी हाइपरसोनिक मिसाइलों की पहली तैनाती होगी। गौरतलब है कि 28 फरवरी को अमेरिका और इज़रायल ने ईरान पर हमले किए, जिससे जान माल नुकसान हुआ। ईरान ने जवाब में इज़रायली इलाके और पश्चिम एशिया में अमरीकी सैन्य ठिकानों पर हमले किये।

गत 11 अप्रैल को राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के ईरान के साथ दो हफ्ते के युद्धविराम समझौते की घोषणा के बाद ईरान और अमेरिका ने इस्लामाबाद में बातचीत की। 12 अप्रैल को अमरीकी प्रतिनिधिमंडल के प्रमुख एवं उपराष्ट्रपति जेडी वैन्स ने कहा कि ईरान और अमेरिका बातचीत के दौरान किसी समझौते पर नहीं पहुँच पाए।

## बड़े ठेका कारोबारी चतुर्भुज राठी के ठिकानों पर ED की दबिश, सरकारी प्रोजेक्ट्स में गड़बड़ी की शिकायत पर जांच जारी








दुर्ग 30 अप्रैल । छत्तीसगढ़ के दुर्ग जिले से इस वक्त बड़ी खबर सामने आ रही है, जहाँ प्रवर्तन निदेशालय (ED) की टीम ने दिग्गज कारोबारी और भाजपा नेता चतुर्भुज राठी के घर और दफ्तर पर दबिश दी है। सुबह-सुबह हुई इस कार्रवाई से पूरे व्यापारिक जगत और प्रशासनिक गलियारों में हड़कंप मच गया है।

मिली जानकारी के अनुसार, ईडी की टीम पुलगांव स्थित चतुर्भुज राठी के 'अमर इंफ्रा' नामक ऑफिस पहुंची है। चतुर्भुज राठी जिले के बड़े ठेका कारोबारियों में शुमार हैं और उनके पास राज्य के कई महत्वपूर्ण सरकारी प्रोजेक्ट्स की जिम्मेदारी है।

सूत्रों के हवाले से खबर है कि ईडी की यह टीम बड़े सरकारी प्रोजेक्ट्स में हुए लेन-देन और कथित वित्तीय गड़बड़ी की जांच के सिलसिले में पहुंची है। टीम फिलहाल ऑफिस और घर के दस्तावेजों को खंगाल रही है और परिवार व कर्मचारियों से पूछताछ की जा रही है। सुरक्षा के मद्देनजर ठिकानों के बाहर केंद्रीय सुरक्षा बलों की तैनाती कर दी गई है।

## जातिगत जनगणना की रूपरेखा अब तक अस्पष्ट : कांग्रेस

धर्मशाला। कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार टालमटोल के बाद भले ही जातिगत जनगणना कराने पर सहमत हुई है लेकिन जनगणना कैसे होगी इसकी रूपरेखा को लेकर अब तक कोई स्पष्ट नीति सामने नहीं आई है। कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने गुरुवार को सोशल मीडिया एक्स पर कहा कि आज से ठीक एक वर्ष पहले सरकार ने जनगणना में जातिगत गणना शामिल करने की घोषणा की थी लेकिन एक साल बीतने के बावजूद इसके क्रियान्वयन को लेकर स्थिति अब भी अस्पष्ट बनी हुई है।

उन्होंने इस मुद्दे पर सरकार के



रुख में आए बदलाव को 'नाटकीय यू-टर्न' बताते हुए घटनाक्रम का क्रमवार उल्लेख किया और कहा कि 21 जुलाई 2021 को गृह मंत्री अमित शाह ने लोकसभा में कहा था कि सरकार ने नीति के तौर पर जाति आधारित जनगणना नहीं कराने का निर्णय लिया है। फिर 21 सितंबर 2021 को केंद्र सरकार ने उच्चतम न्यायालय दायर हलफनामे में भी इसी रुख को दोहराया। रमेश के अनुसार 16 अप्रैल 2023 को पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर नियमित जनगणना के साथ अद्यतन जाति जनगणना कराने की मांग की थी। इसके बावजूद 28 अप्रैल 2024 को एक साक्षात्कार में मोदी ने इस मांग को अर्बन नक्सल सोच से प्रेरित बताया था। रमेश ने कहा कि इसके ठीक एक वर्ष बाद 30 अप्रैल 2025 को सरकार ने जातिगत जनगणना की घोषणा कर दी, जिससे यह स्पष्ट होता है कि सरकार का रुख लगातार बदलता रहा है। उन्होंने प्रधानमंत्री से इस बयान पर माफी मांगने और देश की जनता को इस बदलाव के कारण स्पष्ट करने की मांग की।

CMYK

## संक्षिप्त समाचार

### युवक पर चाकू से हमला, दो आरोपियों की हुई पहचान

रायपुर। शहर के रामनगर क्षेत्र में एक युवक पर चाकू से हमला किए जाने का मामला सामने आया है। खुर्सीपार निवासी लखविंदर सिंह अपने एक मित्र को छोड़ने रामनगर गया हुआ था, तभी वहां 5 से 6 युवकों ने उस पर अचानक हमला कर दिया। बताया जा रहा है कि आरोपियों ने लखविंदर पर चाकू से वार किए, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल अवस्था में उसे उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया। लखविंदर सिंह ने हमलावरों में से दो युवकों करण और साहिल की पहचान की है। इस घटना के बाद क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर चिंता बढ़ गई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस तरह की घटनाएं आम नागरिकों की सुरक्षा पर सवाल खड़े करती हैं। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### पंचशील नगर में किशोर की हत्या, पुलिस जांच में जुटी

रायपुर। पचपेड़ी नाका से सटे न्यू पंचशील नगर इलाके में एक किशोर की हत्या का मामला सामने आया है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और आसपास के लोगों से पूछताछ की जा रही है। फिलहाल हत्या के कारणों का स्पष्ट खुलासा नहीं हो पाया है। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाल रही है ताकि आरोपियों की पहचान की जा सके। घटना के बाद इलाके में लोगों की भीड़ जमा हो गई और माहौल तनावपूर्ण हो गया। स्थानीय रहवासियों ने आधी रात सिविल लाइन थाने का घेराव भी किया। पुलिस का कहना है कि सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच की जा रही है और जल्द ही मामले का खुलासा किया जाएगा।

### जेवरात चुराने के बाद गला देता था, पुलिस ने गिरफ्तार किया शातिर चोर को

रायपुर। शहर से 1100 किलोमीटर दूर मेरठ से दो चोर बाइक से निकले और यहां पहुंचे। यहां एक अपार्टमेंट के दो फ्लैट में चोरी की और दूसरे अपार्टमेंट के फ्लैट से बिना चोरी किए भागना पड़ा। वापस दिल्ली-मेरठ पहुंचने के बाद चोरी किए सोने के गहनों को घर में ही गलाकर ढाल लिया। पूरी वारदात के दौरान फोन बंद रखा। सभी पैंतरे आजमाने के बाद फोन पे ट्रांजेक्शन की जांच में एक आरोपित पकड़ा गया। दूसरा दिल्ली की जेल में बंद है। पूछताछ में पता चला कि इनके खिलाफ देशभर में चोरी और लूट के 47 मामले दर्ज हैं। एएसपी पंकज कुमार पटेल ने अपार्टमेंट चोरी का पर्दाफाश करते हुए बताया कि एसीसीयू और सिविल लाइन पुलिस की संयुक्त टीम ने अपार्टमेंट से मिले सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपितों के भागने की दिशा को ट्रेस करते हुए दिल्ली पहुंची। टीम ने दिल्ली से मिले साक्ष्य के आधार पर मेरठ में कई दिन गुजारे और फिर बैंकिंग ट्रांजेक्शन के आधार पर आरोपित ताज मोहम्मद को गिरफ्तार कर लिया। आरोपित ताज मोहम्मद इतना शातिर था कि उसने पुलिस से बचने के लिए चोरी के जेवरों को चिमनी में गलाकर उनका स्वरूप ही बदल दिया करता था। पुलिस ने उसके पास से करीब पांच लाख रुपये का सोना और जेवर गलाने वाली चिमनी बरामद की है। 47 से अधिक वारदात को अंजाम दे चुके शातिर ताज मोहम्मद को पकड़ने के लिए पुलिस ने 300 से अधिक सीसीटीवी कैमरों को खंगाला। शातिर चोर ताज मोहम्मद अपने साथी वसीम मोहम्मद के साथ बाइक पर बैठकर बिलासपुर पहुंचा था।

---

**मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने चिप्स के ई-डिस्ट्रिक्ट पोर्टल के उन्नत संस्करण सेवा सेतु का किया शुभारंभ**

# सेवा सेतु से सुशासन और पारदर्शिता को मिलेगी नई मजबूती-साय

- आधुनिक तकनीक और एआई से सशक्त हुआ सुशासन: 'सेवा सेतु' से 441 सेवाएं एक ही प्लेटफॉर्म पर
- अब सेवाएं नागरिकों के हाथ में: 'सेवा सेतु' से घर बैठे मिलेगी 441 सरकारी सुविधाएं

रायपुर/ संवाददाता

मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने आज नवा रायपुर स्थित मंत्रालय (महानदी भवन) से छत्तीसगढ़ इन्फोटेक प्रमोशन सोसायटी (चिप्स) द्वारा आमजन तक प्रभावशाली, पारदर्शी और डिजिटल नागरिक सेवाओं की सुलभ पहुंच सुनिश्चित करने के उद्देश्य से लोक सेवा गारंटी अधिनियम के अंतर्गत संचालित ई-डिस्ट्रिक्ट परियोजना के उन्नत संस्करण 'सेवा सेतु' का लोकार्पण किया। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्रीद्वय श्री अरुण साव और श्री विजय शर्मा सहित मंत्रिमंडल के सभी मंत्रीगण उपस्थित थे। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि आधुनिक तकनीक और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के उपयोग से डिजिटल नागरिक सेवाएं और अधिक सशक्त और प्रभावी होंगी। वर्ष 2003 में प्रारंभ हुए चॉइसमॉडल से लेकर वर्ष 2015 के ई-डिस्ट्रिक्ट और अब 'सेवा सेतु' तक छत्तीसगढ़ ने डिजिटल प्रशासन के क्षेत्र में एक लंबी और उल्लेखनीय यात्रा तय की है तथा यह प्लेटफॉर्म अब नागरिक सशक्तिकरण का एक मजबूत माध्यम बन चुका है, जिससे लाखों नागरिकों को लाभ मिला है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि 'सेवा सेतु'



के माध्यम से अब एक ही पोर्टल पर 441 शासकीय सेवाएं उपलब्ध हैं, जिनमें 54 नई सेवाएं और 329 री-डायरेक्ट सेवाएं शामिल हैं। उन्होंने कहा कि अब व्हाट्सएप के माध्यम से भी सेवाओं की जानकारी सहज रूप से प्राप्त की जा सकेगी। आय, जाति, निवास, राशन कार्ड और विवाह पंजीयन जैसे प्रमुख प्रमाण-पत्रों सहित अब तक 3.2 करोड़ से अधिक ट्रांजेक्शन किए जा चुके हैं और इतने ही प्रमाण-पत्र जारी किए जा चुके हैं, जबकि 30 से अधिक विभागों के एकीकरण के साथ यह प्लेटफॉर्म एक सशक्त वन स्टॉप सॉल्यूशन के रूप में विकसित हो चुका है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि 'सेवा सेतु' राज्य में सुशासन, पारदर्शिता और नागरिक-केंद्रित प्रशासन को नई मजबूती प्रदान करेगा। उल्लेखनीय है कि इस परियोजना का संचालन राज्य स्तर पर चिप्स द्वारा किया जा रहा है, जबकि जिला स्तर पर जिला कलेक्टर के नेतृत्व में डिस्ट्रिक्ट ई-गवर्नेंस सोसाइटी के माध्यम से इसका प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जा रहा है। नई प्रणाली में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधार, व्हाट्सएप और 'भाषिणी' जैसी उन्नत तकनीकों का एकीकृत उपयोग किया गया है, जिससे नागरिक व्हाट्सएप के माध्यम से आवेदन कर सकेंगे, सेवा की स्थिति की जानकारी प्राप्त कर सकेंगे और डिजिटल प्रमाण-पत्र भी प्राप्त कर सकेंगे। इसके साथ ही आधार आधारित ई-केवाईसी, डिजी लॉकर, ई-प्रमाण और उमंग जैसे प्लेटफॉर्म के साथ एकीकरण कर सेवाओं को और अधिक सरल, सुरक्षित और सुलभ बनाया गया है। सेवा सेतु' में ट्रेजरी और ई-चालान का एकीकरण किया गया है, जिससे नागरिक एक ही प्लेटफॉर्म पर ऑनलाइन भुगतान कर तत्काल डिजिटल रसीद प्राप्त कर सकेंगे तथा डीबीटी के माध्यम से योजनाओं की राशि सीधे लाभार्थियों के बैंक खातों में हस्तांतरित की जाएगी, जिसकी रीयल-टाइम ट्रैकिंग एसएमएस और व्हाट्सएप के माध्यम से संभव होगी। पोर्टल में क्यूआर कोड आधारित प्रमाण-पत्र सत्यापन, क्लाउड स्टोरेज, डिजिटल सिग्नेचर, रीयल-टाइम डैशबोर्ड और एमआईएस रिपोर्टिंग जैसी सुविधाएं जोड़ी गई हैं तथा यह पोर्टल 22 भारतीय भाषाओं में उपलब्ध है।

---

## व्हाट्सएप पर जान से मारने की धमकी दी

रायपुर। अभनपुर क्षेत्र स्थित मां मातंगी दिव्य धाम के पीठाधीश्वर डॉ. प्रेमासाई जी महाराज को व्हाट्सएप के माध्यम से जान से मारने की गंभीर धमकी मिलने का मामला सामने आया है। इस संबंध में उन्होंने थाना अभनपुर में लिखित आवेदन देकर आरोपी के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई और स्वयं व अपने परिवार की सुरक्षा की मांग की है।प्राप्त जानकारी के अनुसार, डॉ. प्रेमासाई महाराज धर्म, समाज, लव जिहाद, धर्मांतरण जैसे मुद्दों पर लगातार मंचों के माध्यम से प्रवचन देते रहे हैं। उनके द्वारा समय-समय पर हिंदू एकता शोभायात्रा, हिंदू जगाओ शोभायात्रा एवं दिव्य दरबार जैसे बड़े आयोजनों का भी आयोजन किया जाता है, जिनमें हजारों की संख्या में श्रद्धालु शामिल होते हैं।आवेदन में उल्लेख किया गया है कि दिनांक 10 अप्रैल 2026 को दोपहर करीब 12:40 बजे, जब वे अपने परिवार के साथ केरल में निजी यात्रा पर थे, उसी दौरान उनके व्हाट्सएप नंबर पर एक अज्ञात व्यक्ति द्वारा लगातार अश्लील गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी गई। आरोपी ने न केवल उन्हें बल्कि उनके पूरे परिवार को खत्म करने की भी धमकी दी।बताया जा रहा है कि संबंधित मोबाइल नंबर की जांच करने पर वह जम्मू-कश्मीर क्षेत्र का प्रतीत हो रहा है और ट्रूकॉलर पर हिलाल बानी नाम प्रदर्शित हो रहा है। पीड़ित ने यह भी बताया कि पूर्व में भी उन्हें प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से धमकियां मिलती रही हैं, जिससे उनकी सुरक्षा को लेकर चिंता और बढ़ गई है।

## सरगुजा में दो बालिकाओं से सामूहिक दुराचार,प्रदेश में महिलाएं सुरक्षित नहीं

रायपुर। संवाददाता

प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि अंबिकापुर के सीतापुर में दो नाबालिक बच्चियों के साथ गैंगरेप की घटना हुई है। घटना 24 अप्रैल के रात की है, 4 बच्चियां शादी से आ रही थी 9 बदमाश उनको रास्ते में रोक कर गैंगरेप किया। यह बच्चियां विशेष पिछड़ी जनजाति की है। प्रदेश में महिलाओं, मासूम बच्चियों के साथ दरिंदगी की घटनायें रुक नहीं रही है। जशपुर, रायगढ़, कवर्धा, बालोद सभी जगहों पर आदिवासी बच्चियों के साथ दुराचार की घटनायें हुई है। यह घटनायें विचलित करने वाली और शर्मनाक है। प्रदेश में महिलायें सुरक्षित नहीं है, सरकार महिलाओं, बच्चियों को



सुरक्षित वातावरण दे पाने में असफल साबित हो रही है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि भाजपा के प्रशासन में छत्तीसगढ़ में प्रतिदिन औसतन 8 से 9 महिलाएं दुराचार के शिकार हो रही है, हर दूसरे दिन सामूहिक दुष्कर्म की घटना सामने आ रही है, सरकारी आश्रम स्कूलों में नाबालिक बच्चियों गर्भवती हो रही है, जब पीड़िता थाने जाते हैं तो एफआईआर करके आरोपियों को गिरफ्तार करने के बजाय पीड़ितों को ही प्रताड़ित किया जाता है, उन्हें डराया धमकाया जाता है। साय सरकार में प्रदेश की महिलाएं असुरक्षित हो गई है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि भाजपा की सरकार में कानून का भय अपराधियों में खत्म हो गया है, सामाजिक तत्वों पर कार्रवाई करने के बजाय संरक्षण मिलने से उनके हौसले बुलंद है। नशे के अवैध कारोबार को सत्ता में बैठे भाजपा नेताओं का संरक्षण है जिसकी वजह से ही महिलाओं के खिलाफहोने वाले अपराध में बेतहाशा वृद्धि हो रही है, कोकीन, एमडी ड्रग्स, नशा, सिरप और नशे की गोलियां गली-गली में बिक रहा है जिसके प्रभाव से छोटे-छोटे नाबालिक बच्चें भी अपराध की दुनिया में प्रवेश कर रहे हैं।

## राज्यपाल रमेन डेका ने महाविद्यालय की छात्राओं से हुए रूबरू



- सफलता के लिए दिया मार्गदर्शन
- क्षेत्रीय विधायक श्री पुरंदर मिश्रा ने भी छात्राओं के प्रश्नों का समाधान कर मार्गदर्शन दिया

रायपुर/ संवाददाता

राज्यपाल श्री रमेन डेका आज यहां लोकभवन में संत गोविंद राम शदाणी शासकीय कला एवं विज्ञान महाविद्यालय देवेंद्र नगर रायपुर की छात्राओं से रूबरू हुए। उन्होंने शैक्षणिक विषयों पर चर्चा कर मार्गदर्शन दिया और उनके प्रश्नों का उचित समाधान किया। लोकभवन के छत्तीसगढ़ मण्डपम में आयोजित कार्यक्रम में श्री डेका ने अपने प्रेरक उद्बोधन में कहा कि विद्यार्थियों के लिए अनुशासन सबसे जरूरी है। उसके बिना सफलता नहीं मिलती है। जीवन को पूर्ण करने के लिए योजना पूर्वक कार्य करना चाहिए। अच्छी योजना से जीवन भी अच्छा होगा। लक्ष्य प्राप्ति के लिए कठिन परिश्रम भी करना होगा। मानवीय गुणों का होना भी आवश्यक है और शिक्षा से ही इन गुणों का विकास होता है। श्री डेका ने कहा कि अपनी खुशी अपने अंदर होती है। दूसरों से तुलना कर दुखी ना रहे बल्कि जो अपने पास उपलब्ध है उससे संतुष्ट रहिए। श्री डेका ने कहा कि हमारी संस्कृति में महिलाओं का सर्वोच्च स्थान है। उन्होंने नारी की तुलना पानी से करते हुए कहा कि पानी के बिना जीवन असंभव है, उसी तरह नारी के बिना सृष्टि की कल्पना नहीं की जा सकती। चर्चा के दौरान छात्राओं ने राज्यपाल से तनाव को सकारात्मक ऊर्जा में कैसे बदलें, सोशल मीडिया से दूरी बनाने के लिए क्या प्रयास करना चाहिए, कौशल एवं प्रशिक्षण का महत्व, देश व प्रदेश के विकास में किस तरह योगदान दे सकते हैं। विद्यार्थियों ने नारी सशक्तिकरण, उनके स्कूल एवं कॉलेज के जीवन की कोई प्रेरक घटना और छत्तीसगढ़ में उनको सर्वाधिक क्या पसंद आया जैसे रोचक प्रश्न पूछे गए। क्षेत्रीय विधायक श्री पुरंदर मिश्रा ने भी छात्राओं के प्रश्नों का समाधान कर मार्गदर्शन दिया। राज्यपाल श्री डेका ने छात्राओं को स्मृति चिन्ह प्रदान किया। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. उषा अग्रवाल, महाविद्यालय परिवार के सदस्य, शदाणी दरबार के संत युधिष्ठिर लाल जी महराज, महाविद्यालय के प्राध्यापकगण एवं छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित थी।

## कलेक्टर ने छत्तीसगढ़ी भाषा का किया अपमान कार्यवाही करें.....

रायपुर। संवाददाता

मुंगेली कलेक्टर कुंदन कुमार पर छत्तीसगढ़ी भाषा में लिखे आवेदन को फेंकने की घटना को छत्तीसगढ़ का अपमान करार देते हुए प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि भाजपा सरकार के ढाई साल में छत्तीसगढ महतारी का निरन्तर अपमान हो रहा है, यहां की बोली, भाखा, परंपरा, संस्कृति को दबाने कुचलने की साजिश की जा रही है। मुंगेली कलेक्टर कुंदन कुमार ने छत्तीसगढ़ी भाषा में लिखे आवेदन को फेंक कर तीन करोड़ छत्तीसगढ़ियों को अपमानित किया है। ये निंदनीय है सरकार को तत्काल मुंगेली कलेक्टर पर कार्यवाही करना चाहिए। भाजपा



सरकार में दीगर राज्यों की तीज, त्यौहार, परम्परा का प्रदेश में जोर-शोर से आयोजन होता है लेकिन जब छत्तीसगढ़ की अस्मिता की बात आती है तो भाजपा का रवैया ढुलमुल रहा है। प्रदेश में अन्य राज्यों के भाषा बोलने वाले है उनका पूरा सम्मान यहां होता है, लेकिन छत्तीसगढ़ी भाषा का अपमान सरकार के संरक्षण में उच्च अधिकारी कर रहे है, सरकारी विभागों में भी छत्तीसगढ़ी बोली बोलने वालों को कमतर आंका जाता है। ये बर्दाश्त नहीं की जायेगी। प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि भाजपा सरकार बनने के बाद यहाँ की संस्कृति खतरे में है। आरएसएस की नीति भी स्थानीय संस्कृति को खत्म करने की है। भाजपा सरकार उसे आगे बढ़ा रही है। पहले सरकारी कार्यक्रमों में राजगीत गाया जाता था। मुख्यमंत्री निवास में छत्तीसगढ़ के तीज, त्यौहार, परम्परा का आयोजन होता था। सरकारी स्तर पर इस आयोजन होते थे, जो ढाई साल से बंद है। आखिर भाजपा सरकार को छत्तीसगढ़ी परंपरा से दूरी क्यों बना रही है।

## सही दवा, शुद्ध आहार अभियान की शुरुआत

रायपुर। लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण तथा चिकित्सा शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार सही दवा, शुद्ध आहार- यही छत्तीसगढ़ का आधार थीम पर 15 दिवसीय विशेष सघन जांच अभियान आज 27 अप्रैल से शुरू हो गया है। यह अभियान 11 मई तक चलेगा। इसका मुख्य उद्देश्य मिलावटखोरी और नकली दवाओं के अवैध कारोबार पर रोक लगाना तथा आम नागरिकों को सुरक्षित, शुद्ध और गुणवत्तापूर्ण खाद्य सामग्री और दवाएं उपलब्ध कराना है। साथ ही लोगों को स्वच्छ, पौष्टिक आहार और सुरक्षित दवा उपयोग के प्रति जागरूक करना भी इस अभियान का अहम हिस्सा है। कलेक्टर के निर्देश पर आज सुबह 7 बजे रायगढ़ शहर में संयुक्त टीम द्वारा विभिन्न डेयरियों का औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान एडीएम अपूर्व प्रियेश टोप्पो, तहसीलदार शिव कुमार डनसेना और खाद्य एवं औषधि प्रशासन की टीम मौजूद रही। निरीक्षण के दौरान जगदीश डेयरी, संतोष डेयरी और विकास डेयरी एंड स्वीट्स से दूध, दही, पनीर और खोवा के सैंपल लिए गए, जिन्हें जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा गया है। जिला प्रशासन ने निर्देश देते हुए बताया कि सैंपलों की जांच रिपोर्ट मिलने के बाद नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इस अभियान के तहत आगे भी नियमित निरीक्षण जारी रहेंगे, ताकि आमजन को शुद्ध और सुरक्षित खाद्य सामग्री मिल सके।

---

**युवा फेस्ट 2026 का सकारात्मक असर**

# स्थानीय मंच से राष्ट्रीय पहचान-छात्र का चयन आईटी कंपनी में

- एआई वर्कशॉप का परिणाम: 12वीं के छात्र को बेंगलुरु में इंटर्नशिप

रायपुर/ संवाददाता

धमतरी में 24-25 अप्रैल को आयोजित युवा फेस्ट 2026 के सकारात्मक परिणाम सामने आने लगे हैं। यह आयोजन युवाओं के लिए नई संभावनाओं के द्वार खोलने वाला साबित हो रहा है। इसी क्रम में आयोजित आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस वर्कशॉप से एक प्रेरणादायक सफलता कहानी सामने आई है। अभनपुर निवासी कक्षा 12वीं के छात्र प्रतीक ताम्रकार का चयन बेंगलुरु स्थित TEKNIKOZ Software Private Limited में समर इंटर्नशिप हेतु किया गया है। यह अवसर उन्हें युवा फेस्ट के दौरान आयोजित हुु वर्कशॉप में सक्रिय सहभागिता, तकनीकी समझ और उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर प्राप्त हुआ है। वे आगामी दो माह (अप्रैल से जून 2026) तक कंपनी के साथ कार्य करते हुए व्यावहारिक अनुभव प्राप्त करेंगे। कार्यक्रम के दौरान बेंगलुरु से आई विशेषज्ञ टीम द्वारा युवाओं को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, डिजिटल स्किल्स, स्टार्टअप इकोसिस्टम एवं आधुनिक तकनीकों की व्यवहारिक जानकारी दी गई। वर्कशॉप में प्रतिभागियों को हैंड्स-ऑन ट्रेनिंग, प्रोजेक्ट आधारित सीखने और करियर मार्गदर्शन का भी अवसर मिला। प्रतीक ने अपनी जिज्ञासा, नवाचार की सोच और सीखने की प्रतिबद्धता से प्रशिक्षकों को प्रभावित किया, जिसके परिणामस्वरूप उन्हें यह महत्वपूर्ण अवसर प्राप्त हुआ। कलेक्टर श्री अबिनाश मिश्रा ने प्रतीक ताम्रकार को इस उपलब्धि पर बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि युवा फेस्ट का उद्देश्य केवल आयोजन तक सीमित नहीं है, बल्कि युवाओं की प्रतिभाओं को पहचान कर उन्हें सही दिशा और मंच उपलब्ध कराना है। प्रतीक की सफलता इस बात का प्रमाण है कि उचित मार्गदर्शन और अवसर मिलने पर ग्रामीण एवं छोटे शहरों के युवा भी राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना सकते हैं। कलेक्टर ने जिले के अन्य युवाओं से भी इस




प्रकार के नवाचार एवं कौशल आधारित कार्यक्रमों में बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील की, ताकि वे आधुनिक तकनीकों से जुड़कर अपने करियर को नई दिशा दे सकें। समग्र रूप से युवा फेस्ट-2026 केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि युवाओं के सर्वांगीण विकास का सशक्त माध्यम सिद्ध हुआ। इसने शिक्षा, संस्कृति, खेल और तकनीक के समन्वय के माध्यम से युवाओं को आत्मविश्वास, नवाचार और नेतृत्व की दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। सीमित समय और चुनौतियों के बावजूद उत्कृष्ट टीम वर्क, समर्पण और योजनाबद्ध प्रयासों के चलते यह आयोजन पूरी तरह सफल रहा। यह फेस्ट इस बात का सशक्त उदाहरण है कि यदि युवाओं को उचित मंच, मार्गदर्शन और अवसर मिले, तो वे अपनी प्रतिभा से समाज और राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं। युवा फेस्ट-2026 ने न केवल प्रतिभाओं को मंच दिया, बल्कि सीख, प्रेरणा और आत्मविकास का ऐसा वातावरण भी निर्मित किया, जिसकी स्मृतियाँ लंबे समय तक युवाओं के मन में जीवित रहेंगी और उन्हें अपने सपनों को साकार करने के लिए निरंतर प्रेरित करती रहेंगी। प्रतीक ताम्रकार ने अपनी सफलता का श्रेय अपने चाचाजी पवन कुमार ताम्रकार, प्राध्यापक, शासकीय महाविद्यालय कुरूद को दिया, जिनके मार्गदर्शन और प्रेरणा से उन्होंने युवा फेस्ट में भाग लिया और इस अवसर तक पहुंच सके। उन्होंने कहा कि युवा फेस्ट जैसे मंच युवाओं के लिए सीखने, आगे बढ़ने और अपने सपनों को साकार करने का सशक्त माध्यम हैं। उल्लेखनीय है कि युवा फेस्ट 2026 के अंतर्गत जिले में विभिन्न क्षेत्रों—तकनीक, खेल, कला, नवाचार एवं उद्यमिता—से जुड़े कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनका उद्देश्य युवाओं की प्रतिभा को निखारना और उन्हें भविष्य के लिए तैयार करना है। जिले में इस प्रकार के आयोजन न केवल कौशल विकास को बढ़ावा दे रहे हैं, बल्कि स्थानीय युवाओं को राष्ट्रीय एवं वैश्विक अवसरों से जोड़ने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### सीएसएमटी-सांतरागाछी के मध्य एक तरफ 01 ट्रिप के लिए समर स्पेशल ट्रेन का परिचालन

**बिलासपुर।** ग्रीष्मकालीन भीड़ के दौरान यात्रियों को कंफर्म बर्थ के साथ सुगम, सुरक्षित एवं आरामदायक यात्रा सुविधा प्रदान करने के उद्देश्य से सीएसएमटी–सांतरागाछी के मध्य एक तरफ 01 ट्रिप के लिए समर स्पेशल ट्रेन का परिचालन किया जा रहा है । गाड़ी संख्या 01145 सीएसएमटी–सांतरागाछी समर स्पेशल ट्रेन पनवेल से दिनाँक 02 मई 2026 को चलेगी 7 इस गाड़ी का वाणिज्यिक ठहराव दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के गोंदिया, दुर्ग, रायपुर एवं बिलासपुर स्टेशनों में दिया गया है गाड़ी को समय सारिणी गाड़ी संख्या 01145 सीएसएमटी–सांतरागाछी समर स्पेशल ट्रेन सीएसएमटी से दिनाँक 02 मई 2026 शनिवार को 11.20 बजे रवाना होगी तथा मार्ग के अन्य मध्यवर्ती स्टेशनों से होते हुये दूसरे दिन गोंदिया आगमन 03.28 बजे, प्रस्थान 03.30 बजे, दुर्ग आगमन 05.40 बजे, प्रस्थान 05.45 बजे, रायपुर आगमन 06.20 बजे, प्रस्थान 06.25 बजे, बिलासपुर आगमन 08.05 बजे, प्रस्थान 08.15 बजे होते हुये 20.30 बजे सांतरागाछी स्टेशन पहुंचेगी कोच संरचना – इस स्पेशल ट्रेन में 02 एसएलआरडी, 06 जनरल, 10 स्लीपर, 03 एसी–इकइइ कोच सहित कुल 21 आई सी एफ कोच की सुविधा उपलब्ध रहेगी । वाणिज्यिक ठहराव – रास्ते में ये समर स्पेशल गाड़ी दादर, ठाणे, कल्याण, नासिक रोड, मनमाड, भुसावल, अकोला, बडनेरा, वर्धा, नागपुर, गोंदिया, दुर्ग, रायपुर, बिलासपुर, झारसुगुड़ा, राउरकेला, चक्रधरपुर, टाटानगर, खड़गपुर, स्टेशनों पर रुकेगी

### सरसीवा क्षेत्र में खाद्य एवं औषधि प्रशासन ने की जांच

**सारंगढ़ बिलाईगढ़।** जन स्वास्थ्य की सुरक्षा को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से 'सही दवा शुद्ध आहार', यही है छत्तीसगढ़ का आधार की थीम पर खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग की टीम द्वारा सरसीवा क्षेत्र में सघन जांच अभियान चलाया गया तथा छोटे छोटे ठेले, गुमटी, होटल, कोल्डड्रिंक सेंटर व किराना दुकानों में जाकर निरीक्षण किया गया एवं उनको खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के अंतर्गत आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। कुछ जगह पर अखाद्य रंग, उपयोग किये तेल, कालातीत खाद्य सामग्री को नष्ट कराया गया। दल द्वारा जगह जगह उपस्थित लोगों को खाद्य सुरक्षा के प्रति जागरुक किया गया तथा जिन दुकानदारों के पास आवश्यक खाद्य पंजीयन नहीं पाया गया उनको पंजीयन हेतु निर्देशित किया गया। आम जनता से भी अपील किया गया कि खाद्य पदार्थों का उपभोग जांच परख कर ही किया जाए। किसी भी प्रकार का अगर कोई शिकायत हो तो विभाग को सूचित करने की अपील की गई। पुलिस और राजस्व विभाग के दल में अभिहित अधिकारी भारत भूषण पटेल, खाद्य सुरक्षा अधिकारी वरुण पटेल शामिल थे।

### नीलकंठ कंपनी के 75 श्रमिकों ने थामा कोयला मजदूर सभा का दामन

**कोरबा।** जमुना–कोतमा क्षेत्र के श्रमिक हितों को लेकर रविवार को एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें कोयला मजदूर सभा के केंद्रीय महामंत्री का क्षेत्र में आगमन हुआ। उनके आगमन पर क्षेत्रीय पदाधिकारियों ने स्वागत किया तथा श्रमिकों से जुड़ी विभिन्न समस्याओं को लेकर औपचारिक बैठक संपन्न हुई। बैठक में क्षेत्र के कामगारों की समस्याओं, वेतन विसंगतियों, श्रमिक अधिकारों और ठेका कंपनियों की कार्यप्रणाली पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक के दौरान नीलकंठ कंपनी में कार्यरत लगभग 70 से 75 श्रमिकों ने केंद्रीय महामंत्री से मुलाकात कर अपनी समस्याएं रखीं। इस अवसर पर इन श्रमिकों ने कोयला मजदूर सभा की प्राथमिक सदस्यता ग्रहण कर संगठन के प्रति अपना विश्वास व्यक्त किया। श्रमिकों ने बताया कि नीलकंठ कंपनी द्वारा उन्हें एचपीसी कमेटी के निर्धारित मानकों के अनुरूप भुगतान नहीं किया जा रहा है, जिससे वे लंबे समय से आर्थिक शोषण का सामना कर रहे हैं। श्रमिकों ने आरोप लगाया कि कंपनी प्रबंधन एचपीसी कमेटी की गाइडलाइन के अनुरूप मजदूरी भुगतान करने में लगातार मनमानी कर रहा है। इससे श्रमिकों और उनके परिवारों के सामने आर्थिक संकट की स्थिति उत्पन्न हो गई है। श्रमिकों ने केंद्रीय नेतृत्व से मांग की कि इस गंभीर विषय में हस्तक्षेप कर उचित न्याय दिलाया जाए। मामले को गंभीरता से लेते हुए केंद्रीय महामंत्री ने श्रमिकों को आश्वस्त किया कि नीलकंठ कंपनी के कामगारों के हितों की रक्षा के लिए संगठन शीघ्र ठोस कदम उठाएगा। उन्होंने स्पष्ट कहा कि कंपनी प्रबंधन को एचपीसी रेट के अनुसार सभी श्रमिकों का भुगतान सुनिश्चित करने के लिए बाध्य किया जाएगा। उन्होंने कहा कि श्रमिकों के हक पर किसी भी प्रकार का अन्याय बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और संगठन हर स्तर पर मजदूरों की लड़ाई मजबूती से लड़ेगा। बैठक के दौरान क्षेत्रीय अध्यक्ष ने उपस्थित श्रमिकों, पदाधिकारियों एवं केंद्रीय महामंत्री का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि संगठन का उद्देश्य श्रमिकों के अधिकारों की रक्षा करना है और क्षेत्र के हर मजदूर की आवाज को मजबूती से उठाया जाएगा।

# एसईसीएल ने वित्तीय वर्ष 2025-26 में 754 भू-स्वामियों को रोजगार प्रदान किया गया.....

**बिलासपुर :–** पारदर्शिता सुदृढ़ करने की दिशा में कदम: भूमि के बदले रोजगार मामलों से संबंधित शिकायतों हेतु एसईसीएल में उच्चस्तरीय समिति का गठन साऊथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एसईसीएल) ने हाल ही में समाप्त वित्तीय वर्ष 2025–26 के दौरान भूमि अधिग्रहण के बदले रोजगार नीति के अंतर्गत 754 पात्र भू–स्वामियों को नियमानुसार रोजगार प्रदान किया है। इसी क्रम में एसईसीएल ने भूमि अधिग्रहण के बदले रोजगार से संबंधित प्रक्रियाओं में पारदर्शिता एवं निष्पक्षता को और सुदृढ़ करने के उद्देश्य से एक उच्चस्तरीय स्थायी समीक्षा समिति का गठन किया है। यह कदम कंपनी की सतत सतर्कता एवं सुशासन के प्रति प्रतिबद्धता का हिस्सा है। वित्तीय वर्ष 2025–26 के दौरान एसईसीएल द्वारा 300 हेक्टेयर से अधिक भूमि का अधिग्रहण किया गया है, जिसके अंतर्गत पात्र परिवारों को कंपनी की स्थापित नीतियों के अनुसार लाभ प्रदान किया जाना है। इस प्रक्रिया की विश्वसनीयता बनाए रखना कंपनी की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में है। कंपनी द्वारा जारी आदेश के तहत समिति में महाप्रबंधक (भू–राजस्व), एसईसीएल मुख्यालय, बिलासपुर को अध्यक्ष तथा महाप्रबंधक (योजना–परियोजना) एवं महाप्रबंधक (श्रमशक्ति) को सदस्य के रूप में नामित किया गया है। समिति का दायित्व प्राप्त आवेदनों एवं दस्तावेजों की जांच, शिकायतों का समयबद्ध एवं निष्पक्ष परीक्षण तथा आवश्यक अनुशंसाएं सक्षम प्राधिकारी को प्रस्तुत करना होगा। एसईसीएल सदैव पारदर्शिता, जवाबदेही एवं नियमों के अनुपालन के उच्च मानकों



का पालन करता रहा है। समिति का गठन एक एहतियाती एवं प्रणाली सुदृढ़ीकरण का कदम है, जिससे यह सुनिश्चित किया जा सके कि किसी भी प्रकार के अनियमित प्रयासों का प्रभाव वास्तविक हितग्राहियों के अधिकारों पर न पड़े। हाल के समय में कर्मचारियों के विरुद्ध आधारहीन अथवा भ्रामक शिकायतों के कुछ मामले भी संज्ञान में आए हैं। इस संबंध में स्पष्ट किया जाता है कि किसी भी प्रकार की दुर्भावनापूर्ण या तथ्यों से परे शिकायतों के विरुद्ध कंपनी आवश्यकतानुसार समुचित कानूनी कार्रवाई करने के लिए अधिकृत है। अतः सभी संबंधित पक्षों से अपेक्षा की जाती है कि वे तथ्यों पर आधारित एवं जिम्मेदार तरीके से ही अपनी बात प्रस्तुत करें। कंपनी आम नागरिकों से अपील करती है कि वे केवल अधिकृत माध्यमों पर ही भरोसा करें तथा किसी भी प्रकार के प्रलोभन या अपुष्ट दावों से सावधान रहें। किसी भी अतिरिक्त जानकारी अथवा स्पष्टीकरण हेतु इच्छुक व्यक्ति बिलासपुर स्थित एसईसीएल मुख्यालय में महाप्रबंधक (भू–राजस्व) कार्यालय से पत्राचार के माध्यम से संपर्क कर सकते हैं।

## अप्रैल में सेवानिवृत्त हो रहे मंडल रेल परिवार के 21 सदस्यों को दी गई भावभीनी विदाई

**बिलासपुर।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर मंडल के विभिन्न विभागों में कार्यरत 21 रेल परिवार के सदस्य माह अप्रैल 2026 में अपनी गौरवशाली रेल सेवा पूर्ण करने के पश्चात् सेवानिवृत्त हुये । मंडल कार्मिक सभागार में आयोजित सम्मान समारोह में सेवानिवृत्त हो रहे समस्त कर्मचारियों को ससम्मान विदाई दी गई । इस अवसर पर सहायक कार्मिक अधिकारी श्री रंजन कुमार रुखैयार एवं सहायक कार्मिक अधिकारी श्री भास्कर गुहा द्वारा सेवानिवृत्त हो रहे कर्मचारियों को बंदोबस्त भुगतान से संबंधित समस्त दस्तावेज,सेवा प्रशस्ति प्रमाण–पत्र एवं सेवा मैडल आदि प्रदान किया गया इस दौरान मुख्य कार्यालय अधीक्षक (आईटी) श्री सेवक रजक द्वारा सेवानिवृत्त कर्मचारियों को उम्मीद कार्ड (मेडिकल) व बंदोबस्त से



संबन्धित नियमों से अवगत कराया गया समारोह में सेवानिवृत्त कर्मियों के परिजन, मंडल कल्याण निरीक्षक एवं कार्मिक निपटारा शाखा के कर्मचारी भी उपस्थित रहे । मंडल के सेवानिवृत्त हो रहे 21 रेल परिवार के सदस्यों में परिचालन विभाग से 05, इंजीनियरिंग विभाग से 03, विद्युत विभाग से 05, मेकेनिकल विभाग से 02, सिग्नल व दूरसंचार विभाग से 03, चिकित्सा विभाग से 01 तथा वाणिज्य विभाग से 02 कर्मचारी शामिल हैं । इस अवसर पर मंडल कार्मिक अधिकारियों द्वारा सभी सेवानिवृत्त कर्मचारियों को उनकी गौरवशाली रेल सेवा के लिए बधाई दी गई तथा उनके उत्तम स्वास्थ्य व दीर्घायु होने की कामना की गई

## बिलासपुर मंडल की ऐतिहासिक उपलब्धि: 09 प्रमुख स्टेशनों को मिला आईएसओ 14001:2015 प्रमाणन

■ पर्यावरण संरक्षण एवं सतत विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम

**बिलासपुर।** भारतीय रेलवे की 'स्वच्छ रेल, स्वच्छ भारत' परिकल्पना को साकार करते हुए दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के बिलासपुर मंडल ने पर्यावरण प्रबंधन के क्षेत्र में एक उल्लेखनीय एवं ऐतिहासिक उपलब्धि अर्जित की है। मंडल के 09 प्रमुख रेलवे स्टेशनों को अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप ISO 14001:2015 पर्यावरण प्रबंधन प्रणाली का प्रतिष्ठित प्रमाण पत्र प्राप्त हुआ है। यह उपलब्धि मंडल रेल प्रबंधक श्री राकेश रंजन के कुशल मार्गदर्शन तथा वरिष्ठ मंडल यांत्रिक अभियंता (EnHM), वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक एवं मंडल यांत्रिक अभियंता



(EnHM) के प्रभावी नेतृत्व में संभव हुई है। यह प्रमाणन अत्यंत सघन एवं चुनौतीपूर्ण ऑडिट प्रक्रिया के उपरांत प्रदान किया गया, जिसमें स्टेशनों की स्वच्छता, अपशिष्ट प्रबंधन, जल संरक्षण, ऊर्जा दक्षता एवं पर्यावरण जागरूकता जैसे विभिन्न पहलुओं का गहन मूल्यांकन किया गया। इस अभियान के अंतर्गत बिलासपुर, चांपा, रायगढ़, कोरबा, अनूपपुर, पेंड्रारोड, शहडोल, उमरिया एवं अंबिकापुर सहित कुल 09 स्टेशनों को पर्यावरण अनुकूल कार्यप्रणाली के लिए यह प्रमाण पत्र प्रदान किया गया है। उल्लेखनीय है कि मंडल पर्यावरण एवं हाउसकीपिंग प्रबंधन (EnHM) एवं वाणिज्य विभाग द्वारा सभी विभागों के साथ बेहतर समन्वय करते हुए इन स्टेशनों पर अपशिष्ट प्रबंधन, जल संरक्षण, ऊर्जा दक्षता तथा प्रदूषण नियंत्रण के उच्च मानकों को रिकॉर्ड समय में लागू किया गया। इन प्रयासों के परिणामस्वरूप अंतरराष्ट्रीय प्रमाणन एजेंसी द्वारा यह प्रतिष्ठित प्रमाणन प्रदान किया गया। ISO 14001:2015 प्रमाणन प्राप्त करना इस बात का प्रमाण है कि बिलासपुर मंडल न केवल उत्कृष्ट रेल संचालन के लिए प्रतिबद्ध है, बल्कि पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता एवं सतत विकास के प्रति भी पूरी निष्ठा से कार्य कर रहा है।

## बारात में हंगामा,तीन लोगों का सिर फोड़ा,अपराध दर्ज

**कोरबा।** जिले के कटघोरा थाना क्षेत्र में मंगलवार देर रात बारात में हंगामा मच गया। गाड़ी निकालने की बात को लेकर बारात में शामिल लोगों ने तीन लोगों का माथा और सिर फोड़ दिया। लहूलुहान तीनों लोगों का उपचार स्थानीय अस्पताल में कराया गया।प्रारम्भिक जानकारी के मुताबिक अग्रसेन भवन से बारात निकली थी। इस दौरान जय स्तम्भ चैक के पास नरेंद्र ज्वेलर्स के सामने जाम लग गया था। बारात के बीच से रात करीब 10.30 बजे बाइक निकालने के दौरान हुए विवाद में दो युवक दाऊद अली व दानिश अली को बारातियों ने जमकर पीटा। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, हमलावरों ने हाथ–मुक्कों के साथ–साथ सड़क किनारे पड़े ईंट और पत्थरों का भी इस्तेमाल किया। इस हमले में दोनों भाईयों के सिर पर गहरी चोटें आई हैं, जिसके कारण उन्हें अस्पताल में 8 टांके लगाने पड़े। ?बारातियों ने इसी दौरान वहां से गुजर रहे एक ट्रक चालक पिंटू गुप्ता (निवासी चिरी, मध्य प्रदेश) के साथ भी मारपीट की। उसका भी माथा फूट गया है। इस पूरे घटनाक्रम के दौरान मौके पर अफरा–तफरी का माहौल निर्मित हो गया। सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस पहुंची। घटना के बाद पीड़ितों ने कटघोरा थाना पहुंचकर न्याय की गुहार लगाई। थाना प्रभारी धर्म नारायण तिवारी ने अधिकारियों को अवगत कराते हुए मामले की गंभीरता को देखते आरोपी अमित मित्तल, नितेश मित्तल एवं अन्य लोगों के खिलाफ अपराध दर्ज कर लिया है।

## एसईसीएल मुख्यालय के 10 कर्मियों को भावभीनी विदाई दी गयी...........

**बिलासपुर।** 30.04.2026 को एसईसीएल मुख्यालय बिलासपुर से सेवानिवृत्त होने वाले 10 कर्मियों को मुख्यालय बिलासपुर स्थित सीएमडी कक्ष में उन्हें शाल, श्रीफल, पुष्पहार से सम्मानित कर समस्त भुगतान का चेक प्रदान कर भावभीनी विदाई दी गयी। मुख्यालय प्रशासनिक भवन के कान्फ्रेन्स हाल में अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक श्री हरीश दुहन के मुख्य आतिथ्य, निदेशक तकनीकी (संचालन) श्री एन फ्रैंकलिन जयकुमार, निदेशक (एचआर) श्री बिरंची दास, सीवीओ श्री हिमांशु जैन एवं निदेशक तकनीकी (योजना/परियोजना) श्री रमेश चन्द्र महापात्र, विभीन्न विभागाध्यक्षों, श्रमसंघ प्रतिनिधियों, अधिकारियों–कर्मचारियों की उपस्थिति में श्री चन्द्रमोहन वर्मा महाप्रबंधक (सिविल) सीएसआर विभाग, श्री एसके महापात्रा मुख्य प्रबंधक (खनन/मार्सवि), श्री संजय दास प्रबंधक (सर्वे) योजना परियोजना विभाग, श्री श्याम बोरकर सहायक अभियंता नगर प्रशासन विभाग, श्री पुरुषोत्तम लाल साहू असिस्टेंट सुपरवाईजर ई/टी विभाग, श्री व्ही. नागेश फोरमेन इंचार्ज नगर प्रशासन विभाग, श्री संतोष कुमार मेश्राम असिस्टेंट सुपरवाइजर नगर प्रशासन विभाग, श्री दल बहादुर गुरुंग सिनीयर डुप्लीकेटिंग ऑपरेटर सीएमडी सचिवालय, श्री बैकुंठ महानंदा सामान्य सहायक श्रेणी–4 वसंत



विहार डिस्पेंसरी, श्री भोला प्रसाद सुरक्षा प्रहरी को सेवानिवृत्ति पर विदाई दी गयी। इस अवसर पर शीर्ष प्रबंधन ने अपने–अपने उद्बोधन में कहा कि सेवानिवृत्त होने वाले अधिकारी–कर्मचारी के योगदान, कार्यकौशली से ही कम्पनी सफलता के मुकाम पर पहुँची है। सेवानिवृत्त कर्मियों के योगदान को सदैव स्मरण किया जाएगा। अंत में उन्होंने सेवानिवृत्त कर्मियों के सपरिवार उज्जवल भविष्य की ईश्वर से कामना की। सेवानिवृत्त अधिकारियों–कर्मचारियों ने कम्पनी के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा कि यहां के कर्मचारियों में कार्य के प्रति बहुत ही निष्ठा है। यहाँ के अधिकारी–कर्मचारी कंधे से कंधा मिलाकर साथ में कार्य करते हैं एवं किसी कार्य को बोझ समझकर नहीं करते हैं। कार्यक्रम में सेवानिवृत्त कर्मियों का परिचय पढ़ते हुए सफलतापूर्वक उद्घोषणा का दायित्व प्रबंधक (राजभाषा) श्रीमती सविता निर्मलकर ने निभाया।

# एसईसीएल मुख्यालय में विश्व कार्यस्थल सुरक्षा एवं स्वास्थ्य दिवस 2026 का आयोजन संपन्न...

**बिलासपुर :–** दिनांक 28.04.2026 को एसईसीएल मुख्यालय प्रांगण में विश्व कार्यस्थल सुरक्षा एवं स्वास्थ्य दिवस 2026 के अवसर पर गरिमामय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस वर्ष विश्व कार्यस्थल सुरक्षा एवं स्वास्थ्य दिवस 2026 की थीम आइए एक स्वस्थ मनो सामाजिक कार्य वातावरण सुनिश्चित करें है। कार्यक्रम की शुरुआत अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक श्री हरीश दुहन दवारा निदेशक (तकनीकी संचालन) श्री एन फ्रेंकलिन जयकुमार, निदेशक (मानव संसाधन) श्री बिरंची दास, निदेशक (वित्त) श्री डी. सुनील कुमार, मुख्य सतर्कता अधिकारी श्री हिमांशु जैन, निदेशक तकनीकी (योजना–परियोजना) श्री रमेश चन्द्र महापात्र, विभीन्न विभागाध्यक्षों, श्रम संघ प्रतिनिधियों, अधिकारियों–कर्मचारियों की उपस्थिति में सुरक्षा ध्वज फहराकर की गई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथियों, विभीन्न विभागाध्यक्षों, श्रम संघ प्रतिनिधियों ने ने मुख्यालय परिसर स्थित श्रमिक प्रतिमा पर माल्यार्पण किया । इस अवसर पर अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक श्री हरीश दुहन ने अपने सम्बोधन में कहा कि हमें अपने माईन व मशीन के साथ –साथ अपने मेनपावर की सुरक्षा व स्वास्थ्य पर भी ध्यान देना चाहिए, हमें अपने कार्यस्थल पर स्वस्थ्य वातावरण निर्मित कर रखना चाहिए ताकि उसका सकारात्मक परिणाम हमें मिले । उन्होंने आगे कहा सुरक्षा केवल एक प्रक्रिया नहीं बल्कि हमारी कार्य संस्कृति का अभिन्न हिस्सा है, हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि प्रत्येक कर्मचारी शारिरीक



ही नहीं बल्कि मानसिक रूप से भी सुरक्षित और समर्थ महसूस करे । उन्होंने जोर देते हुए कहा कि हमें अपने दैनिक जीवन में शारीरिक व्यायाम को सदैव अपनाए रखना चाहिए इससे शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य ठीक रहता है । मनो सामाजिक कार्य वातावरण ही सतत उत्पादन और संगठात्मक उत्कृष्ता की आधारशीला है । इस अवसर पर अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक श्री हरीश दुहन दवारा ने उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सुरक्षा शपथ दिलाई। कार्यक्रम के दौरान अध्यक्ष कोल इंडिया लिमिटेड के संदेश का पठन महाप्रबंधक (सुरक्षा/बचाव) श्री प्रकाश राय दवारा किया गया, जिसमें सुरक्षा एवं स्वास्थ्य के क्षेत्र में निरंतर अमल व सुधार की आवश्यकता पर बल दिया गया था।

## जिला पंचायत सामान्य सभा संपन्न सुशासन तिहार की तैयारी तेज

**एमसीबी।** जिला मुख्यालय में आयोजित जिला पंचायत की सामान्य सभा में आज विकास, सुशासन, बजट और जनहितकारी योजनाओं को लेकर व्यापक मंथन हुआ। जिला पंचायत अध्यक्ष यशवंती सिंह की अध्यक्षता में संपन्न इस महत्वपूर्ण बैठक में जिला पंचायत उपाध्यक्ष राजेश साहू, जिला पंचायत सीईओ अंकिता सोम, सभी जनप्रतिनिधि तथा विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में प्रशासनिक तैयारियों से लेकर ग्रामीण विकास, स्वास्थ्य, शिक्षा, पेयजल, कृषि और आधारभूत संरचना तक के मुद्दों पर गंभीर समीक्षा की गई।

बैठक की शुरुआत जनगणना 2027 की तैयारियों से हुई, जहां एसडीएम लिंगराज सिदार ने जनप्रतिनिधियों को मोबाइल ऐप आधारित जनगणना प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि इस बार जनगणना तकनीक आधारित होगी, जिससे पारदर्शिता और सटीकता सुनिश्चित होगी। उन्होंने मकान सूचीकरण और गणना कार्य को सफल बनाने जनसहभागिता बढ़ाने पर जोर दिया। इसके साथ ही ज्ञान भारतम एप के माध्यम से राष्ट्रीय पांडुलिपि सर्वेक्षण का प्रशिक्षण दिया गया, जिसमें देश की सांस्कृतिक धरोहरों को डिजिटल रूप में संरक्षित करने की प्रक्रिया समझाई गई।


# मई महीने में हैं कई खास व्रत-त्योहार

इस माह में कई महत्वपूर्ण दिन पड़ेंगे। बुद्ध पूर्णिमा, ज्येष्ठ अधिकमास, वट सावित्री व्रत जैसे कई प्रमुख व्रत और त्योहार मई के महीने में आने वाले हैं। इन पर्व का हिंदू धर्म में बहुत खास महत्व बताया गया है। साथ ही, इस दौरान अपरा एकादशी और पद्मिनी एकादशी का व्रत भी किया जाएगा। मान्यता है कि एकादशी तिथि पर भगवान विष्णु की पूजा करने से पुण्य फल प्राप्त होता है। शास्त्रों में भी इन तिथियों को बहुत पुण्यकारी माना गया है। आइए विस्तार से जानते हैं कि मई 2026 में कौन-कौन से प्रमुख व्रत त्योहार पड़ेंगे।

### मई 2026 के प्रमुख व्रत-त्योहार लिस्ट

| | |
|---|---|
| वैशाख बुद्ध पूर्णिमा | 1 मई, शुक्रवार |
| वैशाख स्नान समाप्त | 1 मई, शुक्रवार |
| नारद जयंती | 3 मई, रविवार |
| अपरा एकादशी | 13 मई, बुधवार |
| गुरु प्रदोष व्रत | 14 मई, गुरुवार |
| शनि जयंती | 16 मई, शनिवार |
| वट सावित्री व्रत | 16 मई, शनिवार |
| ज्येष्ठ अधिक मास | 17 मई, रविवार |
| गंगा दशहरा | 25 मई, सोमवार |
| पद्मिनी एकादशी | 26 मई, मंगलवार |
| गुरु प्रदोष व्रत | 28 मई, गुरुवार |









# वैशाख मास की पूर्णिमा पर दान-स्नान का धार्मिक महत्व

**वैशाख पूर्णिमा हिंदू धर्म की अत्यंत पवित्र तिथियों में से एक मानी जाती है। यह दिन विशेष रूप से भगवान विष्णु और भगवान बुद्ध की आराधना के लिए समर्पित होता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार इसी दिन गौतम बुद्ध का जन्म, ज्ञान प्राप्ति और महापरिनिर्वाण हुआ था, इसलिए इसे बुद्ध पूर्णिमा के रूप में भी मनाया जाता है। इस दिन श्रद्धालु स्नान, दान, जप और पूजा-पाठ करके पुण्य अर्जित करते हैं। मान्यता है कि इस दिन जन, अन्न और वस्त्र का दान करने से अपार पुण्य और सुख समृद्धि प्राप्त होती है। इस साल वैशाख पूर्णिमा को लेकर संशय बना हुआ है क्योंकि पूर्णिमा तिथि दोनों दिन रहेगी। आइए जानते हैं तिथि और दान- स्नान का शुभ मुहूर्त**

### वैशाख बुद्ध पूर्णिमा

हिंदू धर्म मे पूर्णिमा तिथि का बहुत खास महत्व है। वैशाख मास में पड़ने वाली पूर्णिमा तिथि को वैशाख बुद्ध पूर्णिमा के नाम से जाना जाता है। इसे बौद्ध धर्म में भी अत्यंत शुभ दिन माना जाता है। कहते हैं कि बुद्ध पूर्णिमा पर महात्मा बुद्ध का जन्म हुआ था। साथ ही, इस दिन भगवान विष्णु और माता लक्ष्मी की पूजा करने का विधान बताया गया है। इस बार बुद्ध पूर्णिमा 1 मई, शुक्रवार के दिन पड़ रही है।

### कब है वैशाख पूर्णिमा :

फ्यूचर पंचांग के अनुसार वैशाख पूर्णिमा तिथि 30 अप्रैल 2026 की रात 9:12 बजे से शुरू होगी और 1 मई 2026 की रात्रि 10:52 बजे समाप्त होगी। ऐसे में उदयातिथि के अनुसार वैशाख पूर्णिमा 1 मई को मनाई जाएगी।

### ऐसे करें पूजा :

वैशाख पूर्णिमा का धार्मिक महत्व
वैशाख पूर्णिमा के दिन पवित्र नदियों में स्नान करने और दान करने से अनेक जन्मों के पाप नष्ट होने की मान्यता है। खासकर गंगा स्नान का विशेष महत्व बताया गया है। वहीं इस दिन भगवान विष्णु की पूजा, व्रत और दान करने से सुख-समृद्धि, शांति और मोक्ष की प्राप्ति होती है। धार्मिक ग्रंथों के अनुसार, इस दिन जल, अन्न, वस्त्र, पंखा, छाता आदि का दान विशेष फलदायी माना जाता है। पीपल के वृक्ष की पूजा करने और दीपदान करने से भी शुभ फल की प्राप्ति होती है।

### स्नान-दान का शुभ मुहूर्त

*वैशाख पूर्णिमा के दिन ब्रह्म मुहूर्त में स्नान करना अत्यंत शुभ माना जाता है।*

*सूर्योदय स्नान का श्रेष्ठ समय: 05:35 से 07:30 बजे तक*
*ब्रह्म मुहूर्त: सुबह 04:15 बजे से सुबह 04:58 बजे तक*
*अभिजित मुहूर्त: सुबह 11:52 बजे से सुबह 12:45 बजे तक*
*विजय मुहूर्त: दोपहर 02:31 बजे से दोपहर 03:24 बजे तक*
*गोधूलि मुहूर्त: शाम 06:55 बजे से 07:17 शाम बजे तक*
*अमृत काल: शाम 06:56 बजे से रात 08:41 बजे तक*
*निशिता मुहूर्त: रात 11:57 बजे से रात 12:39 बजे तक*

# आइब्रो से पता करें सामने वाले व्यक्ति का व्यवहार

**आइब्रो चेहरे की सुंदरता को बढ़ा देती है। आइब्रो के शेप से चेहरा और अधिक खूबसूरत दिखने लगता है,लेकिन क्या आप जानते हैं, आपकी आइब्रो का आकार आपके व्यक्तित्व के बारे में बहुत कुछ बता सकता है? अगर नहीं तो ये खबर आपके लिए है। आज हम आपको बताएंगे कि आइब्रो के आकार से आप व्यक्ति के व्यवहार के बारे में बता सकते हैं। बता दे कि यह एक मजेदार और दिलचस्प व्यक्तित्व परीक्षण है, जो आपको खुद को बेहतर ढंग से समझने में मदद कर सकता है।**



### पतली आइब्रो वाले व्यक्ति

बात करें पतली आइब्रो वाले व्यक्ति कि तो ऐसे लोग निर्णय लेने में कठिनाई महसूस करते हैं और अक्सर दूसरों पर निर्भर रहते हैं। यह लोग जरूरत से ज्यादा सोचते हैं और छोटी-छोटी बातों पर बहुत चिंता करने लगते हैं। पतली आइब्रो वाले शांत और धैर्यवान होते हैं साथ ही रचनात्मक और कल्पनाशील भी होता है।

### घनी आइब्रो वाले व्यक्ति

अगर आपकी आइब्रो घनी है, तो यह आपके स्वतंत्र विचारों वाले व्यवहार को दर्शाता है। ऐसे लोग अपनी सोच में स्वतंत्र रहते हैं और दूसरों के दबाव देने पर झुकते नहीं है। ये लोग जीवन का भरपूर आनंद लेते हैं और एक बार जो ठान लेते हैं उसे पूरा करके दिखाते हैं।

### धनुषाकार आइब्रो वाले व्यक्ति

अगर आपकी आइब्रो का आकार धनुषाकार है, तो ऐसे लोग जीवन में बड़े लक्ष्य निर्धारित करते हैं और उन्हें प्राप्त करने के लिए कड़ी मेहनत करते हैं। ये लोग दूसरों की भावनाओं के प्रति संवेदनशील होते हैं। ऐसी आईब्रो वाले लोग ईमानदार और सच्चे होते हैं। इन्हें दूसरों के सामने खुलकर बोलने में थोड़ा समय लगता है, लेकिन एक बार सहज होने पर वे अपने विचारों को व्यक्त करते हैं।

### सीधी आइब्रो वाले लोग

सीधी आइब्रो वाले लोग भावनाओ से ज्यादा तर्क और तथ्यों पर भरोसा करते हैं। वह सोचने में स्पष्ट और व्यवस्थित होते हैं, ऐसे लोग भरोसेमंद और विश्वसनीय होते हैं। लेकिन ध्यान रहे ऐसे लोग अपनी राय पर अड़े रहते हैं और दूसरों के दृष्टिकोण को बदलने के लिए तैयार नहीं होते हैं। वे नियमों का पालन करने में सख्त हो सकते हैं।

### आपस में जुड़ी हुई आइब्रो

जिनकी आइब्रो आपस मे जुडी हुई होती है, ऐसे लोग नए विचारो को उत्पन्न करने और समस्याओं को हल करने में सक्षम होते हैं। वे दूसरों के प्रति काफी दयालु होते हैं। यही नहीं ऐसे लोगों के पास एक मजबूत सहज ज्ञान होता है। वह योजना बनाने मे हमेशा तैयार रहते हैं। लेकिन ध्यान रहे ऐसे लोग आसानी से नाराज हो सकते हैं।



# दीवार के रंगों के साथ इस तरह से मैच करें पर्दे

**घर को सजाना मतलब सिर्फ फर्नीचर नहीं, हर छोटी चीज का भी ख्याल रखना होता है। पर्दे भी आपके घर की सजावट में बहुत महत्वपूर्ण होते हैं। सही पर्दे लगाने से घर का लुक बदल जाता है। दीवारों के रंग के साथ पर्दों को कैसे मिलाएं और भी खूबसूरत दिखे। आइए जानते हैं कैसे आप दीवारों के रंगों के साथ पर्दों का मिलान करके अपने घर की खूबसूरती में चार चांद लगा सकते हैं।**

**1.रंग का मिलान :** अपने घर की दीवारों के रंगों को देखें और उसी के अनुसार पर्दे के रंगों का चयन करें। अगर दीवारें हल्के रंग की हैं, तो आप गहरे रंग के पर्दे चुन सकते हैं जो दीवारों के रंग को उभारे।

**2.पैटर्न और डिजाइन:** दीवार पर अगर कोई पैटर्न या डिज़ाइन है, तो पर्दों में सिंपल लुक चुनें जिससे वह ज्यादा भीड़भाड़ न लगे। वहीं, अगर दीवारें सादी हैं, तो आप पर्दों में थोड़े पैटर्न या डिजाइन का चुनाव कर सकते हैं।

**3.कपड़े का प्रकार:** पर्दों का कपड़ा भी महत्वपूर्ण होता है। हल्के और शीर कपड़े अधिक नेचुरल रोशनी अंदर आने देते हैं, जबकि गहरे और भारी कपड़े अधिक अंधेरा करते है।

**4.मौसम के अनुसार :** मौसम के अनुसार पर्दे चुनना भी एक अच्छा विचार है। गर्मियों में हल्के कपड़े के पर्दे और मोटे कपड़े के पर्दे सही रहते है। मौसम के अनुसार : मौसम के अनुसार पर्दे चुनना भी एक अच्छा विचार है। गर्मियो मे हल्के कपड़े के पर्दे और सर्दियों में मोटे पर्दे सही रहते हैं।

# अपनी शानदार छुट्टियों की बनाएं योजना



गर्मियां दरवाजे पर दस्तक दे रही है इसी के साथ वक्त है अपनी शानदार छुट्टियों की योजना बनाने का। कल्पना कीजिये सूर्य की चमक अपने चरम पर है, लहरें सनसनी मचा रही हैं और हवा की सरसराहट में रोमांच की भीनी-भीनी महक भरी है। मगर आप अपने दिल को थाम लीजिये, क्योंकि हम आपकी छुट्टियों की योजना को अनूठा बना कर आपको हैरान करने जा रहे हैं! अमेज़न पे से हम आपकी ट्रिप को बेहद आसन और मजेदार बनाने जा रहे हैं, जैसा पहले कभी नहीं रहा होगा। बुकिंग की झिकझिक और लॉजिस्टिक्स की झंझट को गुडबॉय तथा सुविधाओं एवं रोमांच से भरपूर दुनिया का एन्जॉय करने के लिए तैयार हो जाइये। फ्लाइट, कैब, होटल बुकिंग से लेकर फंकी ट्रैवल गैजेट्स तक, के लिए आपकी गर्मियों की छुट्टी की शानदार योजना बनाने के लिए हमारे पास आपके लिए संपूर्ण जानकारी है। तो, करो अपना बैग पैक, सनस्क्रीन को रखो साथ, और अमेज़ॅन पे के संग अपने समर डेटीनेशन की योजना बनाएं।

# कपड़ों से पसीने की स्मेल हटाने के उपाय

***गर्मी के दिनों में पसीने की बदबू से बहुत से लोग परेशान रहते हैं, खासकर जब यह बदबू कपड़ों से आती है। कपड़ों से आने वाली पसीने की दुर्गंध न सिर्फ खुद को, बल्कि आसपास के लोगों को भी असहज कर सकती है। अगर आप भी इससे दिक्कत महसूस कर रहे हैं तो परेशान न हों। हम आपके लिए कुछ बहुत ही सरल घरेलू नुस्खे लेकर आए हैं जो आसानी से यह समस्या दूर कर देंगे।***



### नींबू का उपयोग

नींबू के रस में एंटीबैक्टीरियल गुण होते है जो कपड़ों की बदबू दूर कर सकते हैं। आप या तो नींबू का रस सीधे पसीने के निशान वाले हिस्से पर रगड़ें या कपड़े धोने के पानी में मिला दें। इससे दुर्गंध में कमी आएगी और कपड़े ताजगी से भर उठेंगे।

### बेकिंग सोडा

बेकिंग सोडा भी पसीने की बदबू को खत्म करने का एक अच्छा तरीका है। आप इसे उन जगहों पर लगाएं जहां पसीने के दाग हैं। बस थोड़ा सा बेकिंग सोडा लें और दाग पर छिड़कें। इसे कुछ घंटे वैसे ही छोड़ दें, फिर उस कपड़े को अच्छी तरह से धो लें। इससे कपड़े से बदबू चली जाएगी और वे फिर से ताजा महसूस होंगे।

### ताजे कपड़े पहनें

गर्मी के दिनों मे हमेशा साफ और सूखे कपड़े पहनना चाहिए। इस मौसम मे कपड़े अक्सर बदले और उन्हें खुली और हवादार जगह पर सुखाएं। ऐसा करने से कपड़े लंबे समय तक ताजा रहेंगे और दुर्गंध से बचे रहेंगे।

### सिरका

सिरका भी कपड़ों से बदबू हटाने का बहुत अच्छा उपाय है। आप कपड़े धोने के पानी में थोड़ा सिरका मिला सकते हैं, इससे बदबू दूर होगी। अगर कपड़े पर ज्यादा स्मेल है, तो आप सीधे उस जगह पर सिरका लगा सकते हैं। इसे थोड़ी देर के लिए ऐसे ही छोड़ दें, फिर धो लें। इससे स्मेल चली जाएगी और कपड़े फिर से फ्रेश हो जाएंगे।

# सुरक्षा बनाम आधुनिक फ्रॉड

**एक नई धोखाधड़ी (फ्रॉड) रिसर्च रिपोर्ट एक्सपेरियन ने Forrester Consulting के अध्ययन पर आधारित जारी की है। इस अध्ययन में भारत सहित नौ देशों के लगभग 1,000 वरिष्ठ फ्रॉड लीडर्स को शामिल किया गया। रिपोर्ट के अनुसार, धोखाधड़ी की रफ्तार व्यवसायों की उसे रोकने की क्षमता से तेज हो गई है। भारत की कई कंपनियां खुद को इसके लिए पूरी तरह तैयार नहीं मानतीं। करीब 69% का कहना है कि उनकी मौजूदा टेक्नोलॉजी तेजी से बदलते फ्रॉड के तरीकों से निपटने के लिए पर्याप्त मजबूत नहीं है।**

आज के समय में धोखाधड़ी करना पहले से ज्यादा तेज, सस्ता और आसान हो गया है। संगठित गिरोह और Generative AI जैसे नए टूल्स इसे और ज्यादा एडवांस बना रहे हैं। अब पहचान की जांच मुख्य निशाना बन गई है। अलग-अलग सेक्टर में अलग तरह के फ्रॉड बढ़ रहे हैं। फाइनेंशियल सर्विसेज और टेलीकॉम कंपनियों में पहचान की चोरी और सोशल इंजीनियरिंग के मामले बढ़ रहे हैं। वहीं ई-कॉमर्स में रिफंड का गलत इस्तेमाल और 'फ्रेंडली फ्रॉड' में बढ़ोतरी हो रही है।इन चुनौतियों के बावजूद कंपनियां सुधार की कोशिश कर रही हैं। करीब 83% कंपनियां व्यवहार ट्रैकिंग और डिवाइस इंटेलिजेंस जैसे आसान फ्रॉड चेक अपनाना चाहती हैं। इससे असली ग्राहकों को कम परेशानी होती है। लगभग 64% कंपनियां फ्रॉड चेक को क्रेडिट रिस्क सिस्टम के साथ जोड़कर एक मजबूत सिस्टम बनाने की योजना बना रही हैं।धोखाधड़ी से लड़ने में मशीन लर्निंग एक अहम टूल बनता जा रहा है। करीब 54% यूजर्स ने इसके इस्तेमाल के बाद बेहतर सटीकता देखी है। साथ ही 65% का कहना है कि इससे यह तय करना आसान होता है कि किन मामलों की मैन्युअल जांच करनी चाहिए। भारत में करीब 76% कंपनियों का कहना है कि उनके पास मशीन लर्निंग सिस्टम बनाने



या संभालने के लिए पर्याप्त एक्सपर्ट्स नहीं है। फिर भी 74% कंपनियां इसे अपनाने की योजना बना रही हैं।AI से जुड़े फ्रॉड को लेकर चिंता बढ़ रही है।
करीब 65% कंपनियों का मानना है कि यह अब तक का सबसे बड़ा खतरा है। लगभग 69% कंपनियों का कहना है कि उनके मौजूदा KYC और पहचान जांच सिस्टम AI से बने नकली दस्तावेज़ों को आसानी से पहचान नहीं पाते। करीब 74% कंपनियों ने ऐसे फ्रॉड प्रयासों में बढ़ोतरी देखी है। अभी जो दिख रहा है, वह समस्या का सिर्फ एक छोटा हिस्सा है। वहीं करीब 57% कंपनियों को यह पहचानना मुश्किल लगता है कि किसी फ्रॉड में GenAI का इस्तेमाल हुआ था या नहीं, जिससे इसका सही असर समझना मुश्किल हो जाता है।

